## खबर संक्षेप

### पुरानी बस्ती का रेलवे फाटक बंद

**शहडोल।** सहायक मंडल अभियंता रेल्वे शहडोल ने बताया कि रेलवे समपार क्रमांक बीके-72, पुरानी बस्ती को सडक़ यातायात के लिए बंद किया गया है। सडक़ यातायात के लिए नव-निर्मित एलएचएस (सीमित उंचाई का उप-रास्ता) प्रारंभ कर दिया गया है। सडक़ यातायात के लिए रेलवे कि 3 लाइन की ओर एक पुरानी निर्मित, प्रचलित सडक़ एवं दूसरी नई निर्मित सडक़ को खोला गया है।

### 27 जुलाई को जिला स्तरीय दिव्यांग शिविर

**शहडोल।** उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण प्रज्ञा मरावी ने बताया कि भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत जिले के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग (कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर, कैलिपर्स, केरेक्टिव सूज) सहायक उपकरण (ट्रायसायकिल, मोटराइज्ड ट्रायसायकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, वाकिंग स्टिक, कान की मशीन) आकलन एवं चिन्हांकन उपरांत प्रदाय किये जाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय दिव्यांग शिविर का आयोजन 27 जुलाई को गाँधी स्टेडियम नगर पालिका शहडोल में किया जाएगा। दिव्यांग शिविर में यू.डी.आई.डी. कार्ड (अनिवार्य रूप से) 40 प्रतिशत या अधिक, आय प्रमाण-पत्र अथवा बीपीएल राशन कार्ड, आवासीय प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड एवं 2 पासपोर्ट फोटो दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा।

### बेवा बैगा महिलाओं से रोजगार सहायक वसूल रहा रिश्वत

**उमरिया।** जनपद पंचायत मानपुर के घुंसु ग्राम निवासी मुन्नी बाई बैगा पति स्व. नदरू व सिया बाई बैगा पति स्व. खेलाड़ी जैसी अत्यंत पिछड़ी व निरीह बैगा जाति की बेवा महिलाओं से रोजगार सहायक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने 30 हजार रिश्वत मांग रहा है। इस आशय की शिकायत पीड़ित महिलाओं ने कलेक्टर उमरिया से की है। बैगा महिलाओं ने लेख किया है कि उनका नाम पहले से ही आवास योजना की सूची में था। लेकिन ग्रामपंचायत सेहराटोला रोजगार सचिव रावेन्द्र प्रसाद तिवारी घर आकर बोला कि तुम्हे आवास योजना हितग्राही में नाम जुड़वाना है तो सीईओ ब्लाक में पैसा देना पड़ता है। तुम दोनो को 30 हजार रुपए लगेगा। वह जल्द से जल्द लाभ दिला देगा नहीं तो लाभ नहीं मिलेगा। अगर अभी पैसा नहीं है तो जब किश्त आएगी तब दे देना। उसने दबाव डालकर हमसे हामी भरवा ली। जब दूसरी किश्त 75 हजार रुपए की आयी तो उसने दोनो की किश्तों से साढ़े दस-साढ़े दस हजार रुपए काट लिए। अब साढ़े उन्नीस साढ़े उन्नीस हजार और मांग रहा है। उसके द्वारा पैसे के लिए दबाव डाला जा रहा है कि जब पैसा दोगे तभी तीसरी किश्त आएगी नहीं तो तीसरी किश्त नहीं आएगी। उसके द्वारा रोजाना परेशान किया जा रहा है। आवास के छत तक का काम हो चुका है लेकिन अगली किश्त नहीं दी जा रही है। उन्होने कलेक्टर से तीसरी किश्त दिलाए जाने का आग्रह किया है।

### विद्युत कनेक्शन में हीला हवाली

**उमरिया।** विद्युत कनेक्शन के लिए तीन हजार की राशि जमा करने के बावजूद महीनों से विद्युत विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस आशय की शिकायत सांई कालोनी घघरीनाका निवासी महिला अनीता कोल पति शिब्बू ने कलेक्टर से शिकायत की है। महिला ने लेख किया कि विद्युत विभाग की सारी औपचारिकता पूर्ण करने के बावजूद विभाग के अधिकारी कर्मचारी कार्य में हीलाहवाली बरत रहे हैं। जिसके कारण उसका परिवार छोटे छोटे बच्चे बरसात के इस मौसम में अंधकार में रहने को विवश हैं। अंधकार के कारण कोई भी घटना हो सकती है। यहां जहरीले कीड़े मकोड़ों के निकलने और डसने का भय बना रहता है। महिला ने मांग की है कि विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर जल्द से जल्द कनेक्शन करवाया जाए।

# ग्रामीणों का निस्तार बंद कर हड़प गए 40 एकड़ भूमि

## शिकायतों व पेसा प्रक्रिया के बावजूद नहीं हटा अतिक्रमण

शहडोल

जिले के ग्रामीण अंचलों की सरकारी जमीनों में अतिक्रमण कर निस्तार बंद करने की होड़ लगी हुई है, लेकिन जिला प्रशासन व राजस्व विभाग इस संबंध में कोई कार्रवाई नही कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों का जीवन धीरे धीरे कठिन होता जा रहा है। विडम्बना यह है कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत दिए जाने तथा पेसा के तहत प्रक्रिया कर ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामपंचायत खन्नौधी के खारी ग्राम में लगभग 40 एकड़ शासकीय चरागन भूमि पर नवागांव के कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। लेकिन उसे हटाने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि ग्रामीण निस्तार बंद हो जाने से परेशान हैं।



### रीवा रोड पर है भूमि

कलेक्टर से की गई शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम खारी पटवारी हल्का बरहा की 40 एकड़ सरकारी भूमि पर नवागाव के रामसरोज पिता लक्ष्मण दास ब्राम्हण, सतोष पिता रामसुदर्शन ब्राम्हण, उदित नारायण व ललन पिता दयाराम ब्राम्हण आदि द्वारा रीवा रोड स्थित शासकीय भूमि पर तार खम्हे लगवाकर कब्जा कर लिया गया है। यह भूमि खन्नौधी विद्युत उपकेन्द्र से लगी हुई है और काफी मूल्यवान है। अचानक इस पर घेरेबंदी कर रास्ता जब बंद कर दिया गया तो ग्रामीणों ने जानकारी लेनी शुरू कर दी इस पर ज्ञात हुआ कि उक्त लोगों की नजर काफी दिनों से इस भूमि पर थी और उन्होने राजस्व अमले से सांठगांठ कर कब्जा कर लिया है।

### आम रास्ता हुआ बंद

इस तरह के अवैध कब्जे के बाद खन्नौधी से खारी,बिजहा जाने वाला मार्ग बंद हो गया है। जिससे किसानों को अपने मवेशियों को लाने लेजाने का रास्ता और जंगल का रास्ता बंद हो गया है। ज्ञातव्य है कि यह भूमि पूर्व में चरागन भूमि थी, जहां आसपास गांव के मवेशी चारा चरते रहते थे। अब यहां मवेशियों का आना बंद हो गया है। ग्रामीणों के सामने अब मवेशियों को लेकर चरागन की समस्या उठ खड़ी हुई है वे मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था कहां से करेंगे। उन्हे खिलाएंगे क्या ? आसपास चूंकि कृषि भूमियां हैं इसलिए केवल गर्मी के दिन छोडक़र मवेशियों के लिए यहां गुंजाइश नहीं रहती है।

### पेसा के बावजूद कार्रवाई नहीं

बताया गया कि पूर्व में तो पटवारी व तहसीलदार से शिकायत की गई, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो ग्रामपंचायत बरहा द्वारा पेसा एक्ट अधिनियम के तहत प्रस्ताव पास कर तहसील में दिया गया था, किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि इसके विपरीत इस भूमि पर भवन बनवाकर बोर भी करवा लिया गया है। ज्ञातव्य है कि शासन की इसी भूमि पर वर्ष 2001-02 में रतनज्योत का वृक्षारोपण कराया गया था। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस भूमि से अतिक्रमण हटवाकर इसे शासकीय प्रयोजन हेतु आरक्षित किया जाए एवं खारी बिजहा ग्रामों के साथ जंगल का रास्ता खुलवाया जाए। शिकायतकर्ताओं में बद्रीप्रसाद तिवारी, छोटेलाल बैगा, मुन्ना बैगा, अनंत गौतम आदि शामिल थे।

# कैंटीन की बदहाली के लिए जिम्मेदार कौन



शहडोल

केंद्रीय चिकित्सालय के ठीक सामने कुछ सालों पहले एसी कैंटीन का निर्माण इस बात को ध्यान में रखकर कराया गया था कि इसका लाभ अस्पताल आने वाले मरीजों के परिजनों और यहां के कर्मचारियों को मिलेगा, शायद यह कुछ समय तक ही बेहतर देखने को मिला, क्योंकि समय जैसे-जैसे जो गुजरता गया, वैसे-वैसे इस कैंटीन की बदहाली भी बढ़ती गई, जिस उद्देश्य को ध्यान में रखकर इस कैंटीन को बनवाया गया था, शायद वह उद्देश्य आज कहीं ना कहीं सार्थक होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। कैंटीन से महज चंद कदम की दूरी पर एरिया महाप्रबंधक कार्यालय मौजूद है और शायद इस कैंटीन की बदहाल स्थिति से यहां भी हर कोई अवगत है, सवाल उठता है कि इस व्यवस्था के सुधार को लेकर कोई सार्थक परिणाम सामने क्यों नहीं देखने को मिल रहे हैं, क्या अनदेखी की वजह से आज यह कैंटीन इस बदहाल स्थिति में पहुंच गई है कि अब इसे लेकर कई तरह के सवाल भी उठने लगे हैं। विगत 3 साल से भी अधिक समय हो चुका है, इस कैंटीन का अब तक टेंडर नहीं हो सका है और जैसे तैसे कैंटीन का संचालन तो हो रहा है, लेकिन यहां की जो सुविधाएं कर्मचारियों को मिलनी चाहिए, शायद वह मिलती नहीं देखी जा सकती है और इस कारण से लाखों रुपए की लागत से जिस एसी कैंटीन का निर्माण कराया गया था, उसका लाभ मिलता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

# अफसरविहीन सीसीएफ कार्यालय




**शहडोल।** मुख्य वनसंरक्षक कार्यालय लगभग दो महीनों से अफसरविहीन स्थिति में संचालित हो रहा है। यहां फाइलों के अम्बार लगे हुए हैं, वन विभाग संबंधी प्रकरणों पर सुनवाइयां नही हो पा रहीं हैं। पक्षकार आते हैं और निराश लौट जाते हैं। कारण यह है कि दो माह से सीसीएफ बांधवगढ़ की ड्यूटी पर व्यस्त हैं। आए दिन उन्हे वहां हाजिर होना पड़ता है। कार्यालय का अमला बताता है कि साहब बांधवगढ़ चले जाते हैं, उनके लिए ऊपर से आदेश आता है। हम अपने स्तर से सारा काम काज कर देते हैं साहब के स्तर से काम रुक जाता है।



## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**जयसिंहनगर।** थाना क्षेत्र में मोहर्रम त्यौहार के आगमन की तैयारी के लिए थाना परिसर में थाना प्रभारी सतेंद्र चतुर्वेदी के निर्देशन में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी एवं तहसीलदार द्वारा लोगों से त्यौहार को मनाने से संबंधित जानकारी पर सामूहिक रूप से परिचर्चा की गई, इसी के साथ लोगों से शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की गई, जयसिंहनगर अंतर्गत आने वाले ग्रामों में किस तरह से त्यौहार का आयोजन किया जाता है, इसके संबंध में बातें भी लोगों के समक्ष रखी गई। जिस पर ग्राम पंचायत से आए लोगों ने विधिवत जानकारियो को साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुकों में नायब तहसीलदार अंकिता पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनारायण पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष पार्षद दिवाकर देवा पयासी, मण्डल उपाध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, महामंत्री कविता सिंह, मीडिया प्रभारी पंकज पांडेय, अनुपम द्विवेदी, आनंद त्रिपाठी, थाना प्रभारी एसपी चतुर्वेदी, भाजपा पदाधिकारी सहित ग्राम पंचायत से आए हुए लोग एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

# धनपुरी ओपन कास्ट डी सेक्टर से शुरू हुआ कोयला उत्पादन

## पहले दिन हुआ 1 हजार टन कोयला उत्पादन

**शहडोल।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया में धनपुरी ओपन कास्ट कोयला उत्पादन को लेकर अपनी अलग पहचान रखती थी, धीरे-धीरे यहां पर उत्पादन की रफ्तार कम होती गई, जहां पर कोयला मौजूद था, वहां पर जमीन से संबंधित मामले थे, जिसे दूर करना भी इतना आसान नहीं था और यही कारण था कि यहां से कोयला उत्पादन शुरू हो सकेगा या नहीं इस पर संसय बना हुआ था, लेकिन महाप्रबंधक ने यहां पर जमीन से संबंधित मामले को लेकर जिस तरह की गंभीरता दिखाई और इस ओपन कास्ट का कारभार संभालने के बाद पी.रमन्ना ने भी जिस तरह का प्रयास किया आज उसी की बदौलत यहां से कोयला उत्पादन शुरू हो सका है।



धनपुरी ओपन कास्ट जिसे अमलाई ओपन कास्ट उपक्षेत्र में शामिल कर दिया गया था और इसके बाद यहां पर कोयला उत्पादन को लेकर प्रबंधन जिस तरह का प्रयास किया, आज इस प्रयास के कारण असंभव काम भी संभव हो सका, बिलासपुर मुख्यालय ने जब इस ओपन कास्ट का उप क्षेत्रीय प्रबंधक पी.रमन्ना को बनाया तो उन्होंने कारभार संभालने के बाद से ही महाप्रबंधक के निर्देशन में इस ओपन कास्ट से कोयला उत्पादन को लेकर अपना प्रयास शुरू कर दिया। परिस्थितियां काफी कठिन थी, लेकिन मुश्किलों को भी वह आसान बनाते गए और आज उसी का नतीजा है कि इस ओपन कास्ट से कोयला उत्पादन करना प्रबंधन ने शुरू कर दिया।

कुछ महीना पहले एक प्राइवेट कंपनी को ओबी निकलने का टेंडर दिया गया था और उसी कंपनी के द्वारा यहां से कोयला भी निकला जाना था, बरसात का समय नजदीक था, ऐसे में यहां पर जो हालात थे उसको ध्यान में रखते हुए कोयला उत्पादन के लिए समय रहते काम शुरू करना आसान नहीं था, लेकिन उप क्षेत्रीय प्रबंधक पी.रमन्ना ने यहां पर काम कुछ तेजी से आगे बढ़ाया, उसी का नतीजा है कि यहां से कोयला उत्पादन शुरू हो सका और पहले ही दिन 1000 टन कोयला उत्पादन हुआ।

धनपुरी ओपन कास्ट का डी सेक्टर जहां पर कोयले का अपार भंडार है, लेकिन पिछले कुछ महीनो से यहां से कोयला उत्पादन बंद हो चुका था, जिसकी एक बड़ी वजह जमीन का भी ना मिल पाना था, ऐसे समय पर एरिया महाप्रबंधक ने लगातार बिलासपुर मुख्यालय में यहां की बातों को रखा, मुख्यालय से भी लगातार इस पर काम किया गया और जो भी समस्याएं थी, उन्हें दूर करने के लिए तेजी से प्रयास किया गया, जिसके बाद यहां पर टेंडर जारी हुआ और पिछले कुछ समय से यहां पर ओबी निकलने का काम प्राइवेट कंपनी के द्वारा किया जा रहा था, जिसके बाद अब यहां से कोयला उत्पादन करना भी शुरू कर दिया गया।

# एक पेड मां के नाम पर्यावरण संरक्षण के लिए जगा रहा अलख

**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गयी है। जिले में यह अभियान अब जन-जन का अपना अभियान बन चुका है। प्रदेश में पर्यावरण के संरक्षण के लिए यह अभियान अलख जगा रहा है। हर कोई अपने माँ के लिए पेड़ लगाकर इस अभियान के प्रति अपनी सजगता दिखा रहा है। पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं। बल्कि विभिन्न प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकडिय़ां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रचलन में है। इस अभियान में जिले के नागरिक बढ़ चढकर सहभागिता निभा रहे हैं और अपनी माँ के नाम पर और प्रकृति के आंचल को हरा-भरा रखने के लिए पौधरोपण कर रहे हैं तथा रोपे गए पौधों को जीवित रखने का संकल्प ले रहे हैं। इस अभियान के तहत पीएचई कार्यालय के परिसर, कोआपरेटिव कार्यालय के परिसर, जनपद पंचायत बुढार ग्राम पंचायत बिरौडी में लोगों ने पौधरोपण किया तथा पौधों की सुरक्षा और उन्हें जीवित रखने का संकल्प लिया।




# पति की दुर्घटना मौत पर कार्रवाई की मांग

उमरिया

विकटगंज निवासी 33 वर्षीय ज्योति वर्मन ने अपने पति स्व. विक्रम वर्मन की मौत के मामले में कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लेख किया है कि विक्रम वर्मन के बच्चा उर्फ जमुना अग्रवाल अपने घर ले जाकर जबर्जस्ती 15 फुट ऊपर टावर पर चढ़ाकर सेंट्रिंग प्लेट निकलवा रहा था। लोहे की सेंट्रिंग प्लेट काफी वजनी थी। काम पर कोई अन्य लेबर नहीं था इस पर विक्रम वर्मन ने अकेले प्लेट निकाल पाने में असमर्थता जताते हुए मना कर दिया था। तब जमुना ने उस पर दबाव डालकर ऊपर चढ़ा दिया। अचानक प्लेट विक्रम के ऊपर गिर पड़ी जिससे उसके सिर पर तो चोट लगी ही साथ ही कंधे, कलाई, पिंडली में भी काफी चोट लगी और हड्डियां टूट गईं थीं। महिला ने लेख किया कि घटना के बाद जब उसका पति विक्रम बेहोश हो गया तो उसे चुपचाप जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती करा दिया गया। जब हालत गंभीर होने के कारण विक्रम को शहडोल मेडिकल कालेज हेतु रिफर करने के लिए हस्ताक्षर की जरूरत पड़ी तो उसे सूचना दी गई। अंततः 17 जून को 5 बजे मेडिकल कालेज में उसकी मृत्यु हो गई। महिला का कहना है कि अगर इस जोखिम भरे काम को सुरक्षा के साथ 4-5 अन्य मजदूरों के सहयोग से कराया जाता तो घटना नहीं होती। जमुना अग्रवाल ने इस घटना पर कोई आर्थिक मदद नहीं की अब वह धमकी भी दे रहा है। महिला ने मांग की है कि बिना सुरक्षा उपाय के जबरन जोखिमभरा काम कराने और उससे दुर्घटना होने पर मृत्यु हो जाने के मामले में जमुना अग्रवाल पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# अतिक्रमण हटाने गये कर्मचारियों को व्यापारियों लौटा दिया था बैरंग

## कुर्सी पर बैठे अधिकारियों को नहीं मैदानी अमले की चिंता

शहडोल।

सब्जी मण्डी का अतिक्रमण हटाने पहुंची नगरपालिका के मैदानी अमले को उस समय अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ा, जब मण्डी के अक्खड़ व धृष्ट व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध कर नगरपालिका का कार्य प्रभावित करने का प्रयास किया। इस पर नगरपालिका अधिकारी को कोतवाली पुलिस में संबंधित व्यापारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग करनी पड़ी। ऐसे व्यापारी नगरपालिका की भूमि का अतिक्रमण कर पैसा बटोरने के आदी हो चुके हैं, लेकिन मैदानी अमले को वरिष्ठ अधिकारियों ने मजाक बनाकर रख दिया है, रिपोर्ट के बाद किसी व्यापारी पर क्या कार्यवाही हुई, इसका तो पता नहीं चला, लेकिन दूसरे दिन मैदानी अमले का साथ देते हुए कोई भी प्रशासनिक अधिकारी अतिक्रमण के खिलाफ सडक़ पर नहीं उतरा।

### मैदानी अमला सुरक्षित नहीं

तत्कालीन कलेक्टर वंदना वैद्य ने करीब 01 वर्ष पूर्व सब्जी मण्डी का मुआयना कर सडक़ किनारे का अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा यहां आए दिन सुधार कार्य के नाम पर पक्के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसलिए यहां का अतिक्रमण लाइलाज सा हो चुका प्रतीत होता है। बीते माहों में नगर पालिका अमले को व्यापारियों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए भेज दिया गया, लेकिन नगर पालिका की जेसीबी पर व्यापारी चढ़ गये, मैदानी अमले को खुद को सुरक्षित करते हुए अपना सा मुंह लेकर वापस लौटना पड़ा।

### किस काम के पुलिस-प्रशासन

समय-समय पर बैठकों में कलेक्टर-कमिश्नर द्वारा संभागीय मुख्यालय की सब्जी मण्डी से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये जाते हैं, लेकिन मीटिंग खत्म होते ही साहब भूल जाते हैं, कमरे से बाहर निकलते ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर पालिका का मैदानी अमला इसलिए भूला हुआ है कि साहब तो, मीटिंग में आदेश देने के बाद ही भूल गये थे, अगर कार्यवाही के लिए गये तो, व्यापारियों द्वारा पीट दिया गया तो, साहब जांच की बात कहकर फिर भूल जायेंगे। जबकि मीटिंग में दिए गए आदेश का कितना पालन किया गया है, यह देखने के लिए कलेक्टर को स्वयं मण्डी का मौका मुआयना कर सीएमओ से पूछताछ करनी चाहिए।

### अमले की शह पर अव्यवस्था

सब्जी मण्डी में जो अव्यवस्था दिखती है, वह लाइलाज इसलिए दिखती है, क्योंकि उसे दूर करने वाला नगरपालिका के कुछ कर्मचारी व्यवसायियों से पैसे वसूलते है और अपनी जेब गर्म करते है। उसे लाभ इसी में दिखाई पड़ता है कि अव्यवस्था बनी रहे। स्थिति सुधर जाएगी तो, उसे कोई क्यों पैसे खिलाएगा। सब्जी मण्डी में बीज व्यवसासियों ने तो अपनी दुकान सडक़ तक फैला रखी है, जिसके चलते आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



# फील्ड तो दूर दफ्तर भी नहीं जाते जनपद सीईओ विलास बैकुण्ठ में डूबे, पंचायतों में मची अंधेर

**उमरिया।** जिले की अधिकांश जनपदों में पदस्थ सीईओ भ्रमण नहीं करने और अपने कार्यालय कक्ष तक सीमित होकर रह जाने के कारण धीरे धीरे मैदानों से लुप्त होते जा रहे हैं। कुछ सीईओ तो बंगले से ही ड्यूटी कर रहे हैं। इस कारण ग्राम पंचायतों में अंधेर मची हुई है। सरपंच-सचिव अपना राज, अपना संविधान चला रहे हैं। शायद ही ऐसी कोई पंचायत होगी जो भ्रष्टाचार में गले तक नहीं डूबी होगी। इनकी परत हटाने की फुर्सत सीइओ को नहीं मिल रही है। क्योंकि कमीशन की गड्डियां पहुंच जातीं हैं। धांधली के लिए वर्षों से उजागर रहे करकेली जनपद के हालात आज भी ज्यों के त्यों ही हैं। मटेरियल सप्लाई, बजट का खर्चा, निर्माण स्थल का मुआयना देखने वाला कोई नहीं हैं। बिना कप्तान की फौज जैसे हालात हैं। कौडिय़ा 63 ग्राम पंचायत की स्थिति ही देख सकते हैं। बार-बार घोटालों की ओर ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बावजूद नतीजा शून्य ही है।





### साहब के अर्दली हैं

जिले की जनपदों में पदस्थ कई सीईओ तो ऐसे हैं, जो फील्ड निरीक्षण करना तो दूर कार्यालय भी जाना पसंद नहीं करते हैं। सरकारी कामकाज जरूरी पत्रक निपटाने के लिए कार्यालय का एक बाबू निर्धारित कर दिया गया है, वह सारे कागज दिनभर के बटोर कर शाम को अर्दली की भांति साहब के समक्ष बंगले में हाजिर हो जाता है और साहब वहीं से बैठे-बैठे हस्ताक्षर आदि कर मार्गदर्शन देते रहते हैं। शासन को वेतन और कमीशन दोनों तरफ से चूना लगाकर मजे से अपना बैकुण्ठ विलास करते रहते हैं। जबकि कार्यालय का अनुशासन साहब के बिना छिन्न-भिन्न होता नजर आ रहा है।

### सब तो यहीं से दिख रहा है

वैसे तो फील्ड के हर निर्माण कार्य पर सीईओ की नजर होनी चाहिए और उनके द्वारा समय समय पर अवलोकन कर मार्गदर्शन भी दिया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा करता कौन सीईओ है। एक दंभी सीईओ ने तो यहां तक कह दिया है कि सब तो यहीं से बैठे-बैठे दिख रहा है, बिना मतलब की दौड़ लगाने और समय बर्बाद करने की जरूरत क्या है। सरपंच व सचिव, इंजीनियर सब यहीं ड्यूटी देते हैं। रहा सवाल ग्रामीणों का तो उनकी बात वे ही जानें। शिकायत होती है तो होती रहे, देखा जाएगा। हम भोपाल तो जाते ही रहते हैं।

### शिकायत पर कार्रवाई नहीं

पुनः ग्रामीणों ने इस आशय का संज्ञान दिलाया है कि कौडिय़ा 63 पंचायत की धांधली पर कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां चुरूलहा सडक़ से 25 मीटर की दूरी पर 8 लाख की लागत से एक पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। 15 वें वित्त से प्राप्त इस रकम की जमकर होली खेली जा रही है। इस पुलिया में जिस तरह का गुणवत्तापूर्ण बेस होना चाहिए उस तरह का गुणवत्तापूर्ण बेस नही बनाया जा रहा है। घटिया क्वालिटी की सीमेंट व लोहे का प्रयोग किया जा रहा है। बताया गया कि निर्माण कार्य में पर्याप्त मात्रा में लोहे की राड व सरिया का प्रयोग भी नहीं किया जा रहा है। आवश्यकता के अनुरूप नीव भी नहीं खोदी गई है। ग्रामीणों का मानना है कि घटिया निर्माण के कारण पुलिया का जीवन अधिक नहीं होगा।

### फील्ड की जानकारी भी गोपनीय

यहां के निर्माण कार्यों में सूचना पटल नहीं लगाया जाता है ताकि मैदानी स्तर पर भी जो काम चल रहा है उसकी जानकारी गोपनीय रखी जा सके। पुलिया का निर्माण तो चल रहा है लेकिन पुलिया के आसपास कहीं भी सूचना पटल दिखाई नहीं पड़ता। निर्माण एजेंसी ग्रामपंचायत ने सूचना पटल की आवश्यकता ही नहीं समझा है। जहां केवल रकम डकारने की चिंता की जाती हो वहां सूचना पटल की पारदर्शिता किस मतलब की है? जबकि सरकारी प्रावधान तो यही है कि निर्माण के समय जानकारियों का बोर्ड अनिवार्यतः लगाया जाए। जिसमें कार्य की शुरुआती तिथि, लागत, एजेंसी आदि का हवाला होता है।

# मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की जिला शांति समिति ने की अपील

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक संपन्न

उमरिया



कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर सभागार मे संपन्न हुई। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जिले में पर्व को मनाने भाई चारे के साथ मनाने की परंपरा रही है। मोहर्रम का भी आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि मोहर्रम की 07 तारीख, 09 तारीख एवं 10 तारीख को जिस मार्ग से बाबा हुजुर की सवारी निकलनी है, वहां के मार्गो की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं मार्ग के मरम्मतीकरण का कार्य कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नही करना पड़े। मोहर्रम पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से कार्यपालिक मजिस्ट्रेटो की डियुटी लगाई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने मोहर्रम की 01 तारीख से लेकर 10 तारीख तक होने वाले कार्यक्रमो की जानकारी लेते हुए कहा कि सवारी के दौरान जिन मार्गो का रूट बदलना है, उसकी जानकारी पहले से उपलब्ध कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक में इमामबाडा कमेटी के सदस्य एरास खान ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहर्रम की पांच तारीख 12 जुलाई 2024 को परचम कुसाई होगी । मोहर्रम की सात तारीख 14 जुलाई 2024 को सायं काल गिरोह का दल निकलेगा जो इमामबाडा से मस्जिद के लिए प्रस्थान करेगे । इसी दिन रात्रि काल में बाबा हुजूर की सवारी उठेगी। इसी तरह आठवे 15 जुलाई 2024 दिन गिरोह विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए इमामबाडा पहुंचेगा। मोहर्रम की 09 तारीख 16 जुलाई 2024 को सायं काल से इमामबाडा मे लोगो की भीड सिन्नी चढाने के लिए आती हैं। इसी दिन दूसरे पहर बाबा हुजूर की सवारी इमामबाडा से उठेगी, जो चंदेल होटल के पास बनाये गये मुरादगाह स्थल पहुंचेगी , जहां से बडी मस्जिद होते हुए विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस इमामबाडा आएगी। इसी तरह मोहर्रम की दसवी तारीख 17 जुलाई 2024 को सायं 4 बजे के आस पास बाबा हुजूर की सवारी उठेगी । इसी तरह 19 जुलाई को तिजमा का पर्व मनाया जाएगा इस दिन बाबा हुजूर अपने चाहने वालो के साथ पैदल मार्ग से खलेसर होते हुए कर्बला जायेगे तथा कैंप होते हुए दोपहर बाद वापस होंगे ।

बैठक में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अपर कलेक्टर षिव गोविंद सिह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, अजय सिंह, शंभू लाल खट्टर, राजेष शर्मा, मेंहदी हसन, पुष्पराज सिंह, मुमताज अली , मो0 इदरीष खान, असफर अली राही, कीर्ति कुमार सोनी, यष सिंह, अब्दुल सलीम, एरास खान, अली, शेर मोहम्मद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एस बी चौधरी, थाना प्रभारी कोतवाली बालेन्द्र शर्मा, जिला होमगार्ड कमांडेंट सी एस उर्वेती, नागेन्द्रप्रताप सिंह, राकेष शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किषन सिंह, रोहित सिंह बघेल सहित जिला शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत डाइट में किया गया पौधरोपण

**उमरिया।** एक पेड मां के नाम अभियान के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उमरिया में नगर पालिका उमरिया के सहयोग से डाइट प्राचार्य अनिल कुमार पाण्डेय, स्टाफ डॉ. बृजेश शर्मा, प्रकाशचंद्र भट्ट, बल्लाराम गुर्जर, हलधर प्रसाद के मार्गदर्शन में डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र, छात्राध्यापकों ने डाइट परिसर में छायादार एवं फलदार 100 पौधों का रोपण किया। पौधरोपण के पश्चात सभी छात्र, छात्रध्यापकों ने प्रशिक्षण अवधि के दरमियान दो वर्ष तक अपने-अपने पौधों की देखभाल करने का निर्णय लिया। पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते छात्र, छात्राध्यापकों ने एक-एक पौधे का रोपण किया और उस एक पेड़ को 100 पुत्र के समान मानते हुए उन्हें अपने पुत्र की तरह पालन-पोषण करते हुए बड़ा करने का संकल्प लिया। उन्होंने पौध रोपण के महत्त्व को समझते हुए समुदाय के लोगों के साथ मिलकर अपने आस-पास खाली जगह पर भी पेड़ लगाने और उसकी देखभाल का निर्णय लिया।



# पाली पुलिस व युवा टीम ने रोपे 12 फलदार व छायादार पौधे

**उमरिया।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश भर में आयोजित हो रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन पर पाली थाना व जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा मुक्तिधाम परिसर पाली में 12 फलदार व छायादार पौधे रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।।

पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने पौधारोपण करते हुए कहा कि वृक्ष प्राणवायु प्रदान करते हैं। सभी के लिए पौधारोपण करना और उसे बचाना बेहद जरूरी है। पेड़ ही जीवन है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौधे ना हो तो हम सब सांस नहीं ले सकते हैं, इसलिए जीवन के लिए हम सब को संकल्प लेना चाहिए।

पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने कहा कि मां के नाम पेड़ लगाने से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं। प्रकृति के पोषण के लिए धरती माता और मानव जीवन के पोषण के लिए हमारी माताओं के बीच समानता दर्शाते हुए अपनी मां के प्रति प्रेम, आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने और धरती माता की रक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। पौधारोपण करने के साथ ही वायुदूत ऐप पर अपलोड भी किया गया। पौधारोपण के दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे, पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, शिखा बर्मन, राहुल सिंह व सभी उपस्थित रहे।



### शहडोल संभाग में चलेगा 10 से 25 जुलाई तक राजस्व सेवा अभियान

**उमरिया।** कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर शहडोल संभाग में 10 जुलाई से 25 जुलाई 2024 तक राजस्व सेवा अभियान चलाया जाएगा। राजस्व सेवा अभियान में नक्शा तरमीम तथा 2 से 5 वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। साथ ही राजस्व अभियान समाप्ति के पश्चात संबंधित राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार शत-प्रतिशत निराकरण का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना भी सुनिश्चित करेंगे।

# आरसेटी उमरिया में महिला सिलाई प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, उमरिया में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत उमरिया द्वारा प्रायोजित 30 दिवसीय आवासीय महिला सिलाई प्रषिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) सेवकराम सोनवानी, निषांत वाजपेयी (मुख्य प्रबंधक मुख्य शाखा एसबीआइ), सुब्रत सिंह (शाखा प्रबंधक सेन्टल बैंक उमरिया) , डा. अनिल गुप्ता , की उपस्थिति में किया गया, जिसमें डा. तरूण कुमार सिंह (निदेषक - आरसेटी) , राज जायसवाल (संकाय सदस्य) एवं समस्त स्टॉफ भी उपस्थित रहे। लीड बैंक मैनेजर सेवकराम सोनवानी ने सभी प्रषिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि आपने जो महिला सिलाई प्रषिक्षण प्राप्त किया है, और इस क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। अब आपको आगे और परिश्रम करना है। तत्पश्चात आरसेटी निर्देशक द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुये संबोधित किया और कहा कि अब आप लोग इस प्रशिक्षण के बाद इस सिलाई कार्य में दक्ष हो गये और यहॉ से जाने के बाद आपको इस कार्य को अभ्यास करना तथा आप अपने स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु बैंक से वित्तीय सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई, जिसमें अंजली , पुष्पा , अनुराधा, आरती, अनीता आदि ने भाग लिया एवं आरसेटी निदेशक के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र दिया गया। इसके बाद अंत में आरसेटी निर्देशक डॉ. तरूण सिंह ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# मादा हथिनी पूनम ने दिया शावक को जन्म

**उमरिया।** जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पूनम नामक मादा हथिनी ने शावक को जन्म दिया है। पार्क प्रबंधन के एक्सपर्ट वन्य जीव चिकित्सक एवं स्टाफ की मौजूदगी में पूनम ने सुरक्षित प्रसव किया है। पार्क प्रबंधन के उच्च अधिकारी हथिनी और शावक की देख देखा में जुटे हुए हैं। घटना पार्क के खितौली कोर परिक्षेत्र अंतर्गत अमिलिहा कैंप की है ।



### 90 हजार 263 पौध रोपित किए गए

**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत 6 जुलाई को की गई है। अभियान के तहत स्वयं सेवी संस्थाएं, मीडिया कर्मियां, जिला प्रमुख अधिकारी, व्यापारी संगठन आगें आकर पौध रोपित कर रहे है एवं उसकी सुरक्षा का संकल्प ले रहे है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला प्रमुख अधिकारियों द्वारा 188950 लक्ष्य में से 40248 पौधों का रोपण किया गया है । इसी तरह जनपद पंचायत करकेली, मानपुर तथा पाली एवं नगरीय क्षेत्रों में 80 हजार लक्ष्य में से 50015 पौध रोपित किए गए । यह अभियान 15 जुलाई तक अनवरत जारी रहेगा ।

# नगर में जगह-जगह हो रही अवैध गैस रिफिलिंग

**कोतमा।** नगर में अनेक जगह घरेलू गैस का उपयोग कर गैस रिफिलिंग की जा रही है। इस अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर में घरेलू गैस का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। नगर के भीड़ भरे इलाकों धडल्ले से घरेलू गैस भरी जा रही है। जगह-जगह खुले अवैध गैस रिफिंलिग सेंटर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर का धंधा फल फूल रहा है। इस अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर मैं कहीं किसी भी दिन बड़ा धमाका हो सकता है,जिसके कारण जान-माल की हानि भी हो सकती है। शायद स्थानीय प्रशासन किसी बड़े हादसा का इंतजार कर रहा है, तब कहीं जाकर इन अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर अंकुश लग पावेगा। पूर्व में प्रशासन एवं पुलिस विभाग के द्वारा छापा मार कार्यवाही की गई थी जिसमें भारी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर एवं रिपेयरिंग का सामान बरामद किया गया था। स्थानीय नगरवासियों ने नगर और क्षेत्र में फल फूल रहे अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर कार्यवाही की मांग प्रसाशन व पुलिस विभाग से की है।



# शासकीय माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज के दो सौ बच्चों ने किया पौधा रोपण

**राजेन्द्रग्राम।** 9 जुलाई को शासकीय मॉडल सी.एम. राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुष्पराजगढ़ में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत सी एम राइज विद्यालय के 200 बच्चों ने वृक्षारोपण किया। विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. आर्मो अनूपपुर, सहायक जिला परियोजना समन्वयक देवेश सिंह बघेल अनूपपुर एवं प्राचार्य आर. एस.सिंह धुर्वे उपस्थित रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने एक-एक पेड़ लगाए। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य, सभी शिक्षक एवं बच्चों का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के पुष्पीय, फलदार, छायादार पौधे रोपित किये एवं उन नन्हें पौधों को खाद्य पानी भी दिए। सभी बच्चों ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य को अस्वस्थ कराया की हमारे द्वारा रोपित पौधों की देखभाल हम स्वयं करेंगे। पौधों को समय-समय पर खाद्य पानी देते रहेंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत अपने उद्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने एवं विद्यालय परिसर की साफ-सफाई पर विशेष जोर दिए। सहायक जिला परियोजना समन्वयक देवेश बघेल के द्वारा विद्यालय कार्य योजना एवं विद्यालय को सौंदर्य युक्त बनाने के लिए सभी शिक्षकों को आह्वान किये।



### समारोह में प्रधानाचार्या उन्नति जोशी ने बताई स्कूल की उपलब्धियां

# बाल भारती पब्लिक स्कूल में किया गया स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

**जैतहरी।** किसी भी बच्चे का व्यक्तित्व निखारने और उसका भविष्य संवारने में स्कूल की सर्वाधिक भूमिका होती है, बच्चो के व्यक्तित्व को आकर देने में शिक्षक और अभिभावक दोनों का ही विशेष योगदान आवश्यक होता है, गौरव की बात है कि बाल भारती पब्लिक स्कूल ने जिले के अग्रणी स्कूलों में अपना स्थान प्राप्त किया है, जहां प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा क्षेत्र के बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है, कंपनी के प्लांट प्रमुख और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी के मिश्रा ने स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में कहा। बाल भारती पब्लिक स्कूल में आज पदग्रहण समारोह और स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर स्कूल केबिनेट का गठन हुआ और नवनियुक्त सदस्यों ने विभिन्न पदभारो की शपथ ली और नई जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। नई केबिनेट में हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, डिसिप्लिन कैप्टन, कल्चरल कैप्टन, एकेडमिक कैप्टन और वेलनेस कैप्टन, क्लब अधिकारी आदि शामिल थे। कार्यक्रम में एम बी पॉवर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की।



समारोह की शुरूआत स्कूल के प्रधानाचार्या उन्नति जोशी के मार्गदर्शन में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बी. के. मिश्रा (प्लांट प्रमुख एवं सी.ओ.ओ.) एवं अन्य अतिथियों जिनमें निम्मी मिश्रा (प्रेसिडेंट नर्मदा लेडिज क्लब), आर. के. खटाना (मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग प्रमुख), मधु खटाना (सेकेट्री नर्मदा लेडिज क्लब), मेजर गोविंद प्रसाद यादव (सी.आर.पी.एफ. श्रीनगर), मोहन सिंह श्याम (ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जैतहरी), डॉ. खेश (बाल विशेषज्ञ, जिला अस्पताल, अनूपपुर), विजय सोनी (भू अर्जन और पुनर्वास प्रमुख), गौरव पाठक (स्कूल समन्वयक), आतिश उपाध्याय (वरिष्ठ प्रबंधक) इत्यादि उपस्थित थे। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथिगण एवं अभिवाभकों के मन को मोह लिया। प्रधानाचार्या ने इस उपलक्ष्य में स्कूल के इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस महत्वपूर्ण दिन पर बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार से सहयोग और समर्पण की अपेक्षा जताई। कंपनी के मानव संसाधन और प्रशासन विभाग के प्रमुख आर के खटाना ने विगत वर्ष में प्रबंधन की ओर से किए गए आवश्यक सहयोग पर प्रकाश डाला जिसमें 04 नई कक्षाएं, 03 विज्ञान प्रयोगशालाए, स्विमिंग पूल का निर्माण इत्यादि शामिल है, और स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मेजर गोविंद प्रसाद ने बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. खेश एवं डॉ. श्याम ने अपने आशीर्वचन से बच्चों का मनोबल बढ़ाया। समारोह समापन के दौरान बाल भारती पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्या ने एमबी पॉवर लिमिटेड प्रबंधन का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया, जिनके सहयोग से स्कूल ने अपने गौरवान्वित 13 वर्ष पूरे किये और बताया कि निश्चित ही ऐसे निरंतर सहयोग से स्कूल आगामी वर्षों में नए मानको को स्थापित कर इस गौरवान्वित विरासत को और भी मजबूत करेगा।

## खबर संक्षेप

### नगर परिषद पाली में रोपित किए गए 300 पौध



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के नेतृत्व में जिले के सभी नगरीय निकायों में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपित किए जा रहे है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि एक पेड मां के नाम अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 स्थित मुक्तिधाम तथा ट्रेचिंग ग्राउण्ड में 300 पौधों का रोपण किया गया एवं पौधे की सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया। पौध रोपित करने के पश्चात उन्हें वायुदूत एप मे अपलोड किया गया।

### रंगदारी कर रूपयो की मांग करने वाले आरोपी को पुलिस ने दिखाया जेल का रास्ता

**कोतमा।** थाना अंतर्गत सोमवार को विचारपुर निवासी विष्णु तिवारी पिता बद्री तिवारी 44 वर्ष के घर में घुसकर गाली गलौज कर धमकाने व मारपीट कर नशे के सेवन के लिए रूपयो की मांग करने पर आरोपी नंद किशोर तिवारी के खिलाफ पुलिस ने बीएस की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही की है। दिन दहाड़े घर मे घुसकर वसूली करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय पेश कर जेल भी भेज दिया गया। घटना के बारे में विवेचक एएसआई विनय सिंह ने बताया कि फरियादी विष्णु तिवारी अपने घर में थे जहां सुबह-सुबह आरोपी नंदकिशोर 36 वर्ष जबरन उसके घर में घुसकर गाली गलौज कर विवाद करने लगा व धमकाते हुए जबरन रुपए पैसों की मांग करने लगा। घर वालों के द्वारा रुपया ना होने की बात कह कर मना किया गया तो आग बबूला होते हुए आरोपी के द्वारा मारपीट करते हुए जान से मारने की भी धमकी देकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पर पुलिस के द्वारा टीम बनाकर आरोपी को गिरफ्तार कर रंगदारी वसूलने के आरोप में जेल का रास्ता दिखाया।

### मऊगंज पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपियों पर ईनाम की घोषित किया

**मऊगंज।** पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने थाना नईगढ़ी मे दर्ज अपराधिक प्रकरण मे फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर दो-दो हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है।इस मामले मे आरोपी उमेश यादव पिता छाहुर यादव उम्र 43 वर्ष तथा श्रीमती ललिता यादव पति उमेश यादव उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कुशवाहा अपराध दिनांक से फरार हैं। तलाश करने के प्रयास किया जा रहे हैं इनको गिरफ्तार करने अथवा गिरफ्तारी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने पर दो-दो हज़ार रूपए के इनाम की घोषणा की गई है। ईनाम की घोषणा पुलिस रेगुलेशन एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

### सर्प काटने से महिला की उपचार के दौरान हुई मौत

**मऊगंज।** जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के हाटा चौकी के अंतर्गत जहां अपने परिवारजन के साथ महिला सो रही थी । जहां महिला के हाथ के अंगुली अचानक जहरीले में सांप ने काट (डस)लिया। जानकारी होते ही हनुमना अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार पार्वती कोल पति अर्जुन कोल उम्र 43 वर्ष निवासी फुलझरिया ग्राम पंचायत गोईडार के बताया गया है। जहां महिला के तीन बच्चे हैं।वही घटना की जानकारी होते ही मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने हनुमना के भाजपा वरिष्ठ नेता रामबाबू गुप्ता को अस्पताल भेजा और परिवार को हर संभव मदद के लिए प्रशासन से बात कर आर्थिक सहयोग के लिए हर संभव मदद के लिए अश्वशासन दिए।

### नगर परिषद एवं भारत विकास परिषद ने हरे भरे पौधों को ट्रेचिंग प्रांगण में किये रोपित

# वृक्ष हैं धरती की शान, एक पेड़ मां के नाम

#### धरा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का सामूहिक प्रयास

**बुढार।** बुधवार को नगर परिषद एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ₹एक वृक्ष मां के नाम₹ अभियान के तहत वार्ड नंबर 6 ट्रेंचिंग प्रांगण रुंगटा रोड में विभिन्न फलदार पौधा रोपण किया गया। वृक्षारोपण उक्त कार्यक्रम नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम विश्व अभियान की शुरुआत की गयी है। हर कोई अपने मां के लिए पेड़ लगाकर इस अभियान के प्रति अपनी सजगता दिखा रहा है, पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहा की ₹वृक्ष हैं धरती की शान₹ एक पेड़ मां के नाम अभियान देश में पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा। अभियान में नगर




परिषद बुढार के सम्मानित नागरिकों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई और अपनी मां के नाम पर और प्रकृति के आंचल को हरा-भरा रखने के लिए पौधरोपण कर रहे हैं तथा रोपे गए पौधों को जीवित रखने का संकल्प लिया।उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में बुढार थाना प्रभारी संजयनाथ प्रभारी सीएमओ सौरव श्रीवास्तव वार्ड नंबर 9 पार्षद श्रीमती सुमित्रा नामदेव,वार्ड नंबर 6 पार्षद हरिश्चन्द्र केवट,भारत विकास परिषद के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा अजय गुप्ता, कन्हैयालाल कुशवाहा, अरुण जैन, वीरेंद्र पाईया, दिलीप अजीत जैन, श्रीकृष्ण गुप्ता, विनोद पाठक, गुड्डू बैगा, जॉनी शर्मा ज्ञानेंद्र गौतम, संजय नैनानी, बंटू सिंह, संजय डोडानी, नवीन चंदानी, जॉनी शर्मा, ज्ञानेंद्र गौतम, श्रूजनेश जैन,श्री विजेंद्र गुप्ता श्री विश्वनाथ चौधरी,श्रीमती अलका शर्मा,श्रीमती प्रतिमा जैन,श्रीमती रेणुका शुक्ला,श्रीमती काजल सरावगी, अभी शुक्ला एवं नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## थाना प्रभारी मोहर्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की अपील



#### नगर की तीसरी आंख भी बंद सीसी कैमरा चालू कराने की मांग

**धनपुरी।**धनपुरी थाने में मोहर्रम (शहादत) का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर धनपुरी थाना में शांति समिति की बैठक 9 जुलाई शाम 6:00 बजे रखा था नगर के गणमान्य नागरिक, मुस्लिम समुदाय के लोग की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई ।

शांति समिति की बैठक मुख्य अतिथि अनुभव मिश्रा धनपुरी एमडीओपी थाना प्रभारी खेम सिंह शिक्षक मैथिलीशरण गुप्त व नगर के गणमान्य नागरिक कि उपस्थित में बैठक का आयोजन किया गयामोहर्रम के संबंध में उपस्थित जनों से चर्चा की गई मुस्लिम भाइयों ने बताया कि दोपहर 3:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे बीच अमरकंटक मेन रोड से,17 तारीख को इमामबाड़ा से कर्बला के बीच मोहर्रम जुलूस निकाला जाएगा। बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा इन वाहनों को दूसरे रोड से निकाला जाएगा। नगर पालिका से सफाई निरीक्षक पुरषोत्तम गुप्ता व विद्युत मंडल धनपुरी को सूचित किया गया है कि साफ सफाई व्यवस्था पानी व्यवस्था लाइट व्यवस्था सुदृढ़ रखा जाए।

#### नगर तीसरी आंख भी बंद

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बाजारों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं। नगर पालिका की ओर से कैमरों की मरम्मत कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इससे शहर की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। आजाद चौक में सीसी कैमरा तो लगाई गई है लेकिन मरम्मत के अभाव में बंद है, आजाद चौक में लगे सीसी कैमरा शोपीस बना है जो जरूरत पड़ने उस गली में लगे सीसी कैमरा को चेक करने की मशक्कत करनी पड़ती है। इमामबाड़ा कमेटी के सदर अयूब खान सचिव मुजफ्फर, नगर मोहम्मद आजाद, राशिद खान, नौशेरमा खान,पत्रकार,राजू अग्रवाल, मोहम्मद सफीक, लक्ष्मण सोनी, आनंद मोहन जायसवाल राम सिंह, सकलेन न्याजी,, डॉ विजय सिंह, कैलाश महोबिया, गुड्डा बाबा अजय जायसवाल पोल्ला खान,विनोद शर्मा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सीएमओ सर, मच्छरों से लगता है डर

### नगरवासियों का चैन छीन रहा, कागजों में दौड़ रही फागिंग मशीन


**धनपुरी।** वर्षा के दिनों में जल भराव के कारण मच्छरों की पैदावार अधिक होती है। वार्डों में नालियों में जमा गंदगी की सफाई के अभाव में मच्छरों का पैदावार बढ़ा देती है, परिणाम स्वरूप मच्छरों से लोग हलाकान देखे जा रहे हैं। नगर में न तो फागिंग मशीन चल रही है और न ही वार्डों में दवा का छिड़काव किया जा रहा है, वार्डों में कोई ऐसी जगह नहीं है, जहां के लोग मच्छरों से परेशान न हों। हर जगह मच्छरों से लोग परेशान है। सब कुछ जानते हुए भी नगरपालिका फागिंग मशीन नहीं चलवा रही है। और न ही नालियों में कीटनाशक दवाई डाली जा रही है मच्छर के काटने से लोग बीमार हो रहे हैं। यही वजह है कि हर घर के बजट में मच्छर भगाने की दवा का खर्च शामिल हो गया है।

शाम के समय मच्छरों का आक्रमण एकाएक बढ़ जाता है। इसके बावजूद जिम्मेदार को इस ओर ध्यान देने की फुर्सत तक नहीं है। वार्डों में सफाई को लेकर हमेशा शिकायत रहती है। मच्छरों से राहत के नाम पर नगर पालिका के अधिकारी फागिंग मशीन तक नहीं चलवाते हैं। कई सालों से फागिंग मशीन नहीं दिखी है। पूर्व में नगर पालिका नगर के सभी वार्डों में फागिंग मशीन चलाने की योजना बनाई थी। जो धरातल पर दिखाई नहीं दी है लेकिन ऐसा माना जाता है कि कागजों में बराबर मशीन दौड़ भी रही है और उसके ईंधन, दवाई के नाम पर अच्छा खासा बजट भी आहरित होकर ओहदेदार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रहा है।



#### गंदगी से पटी पड़ी नालियां

नगर के अधिकांश वार्ड में कई जगह ऐसी हैं जहां पर मानों महीनों से नालियों की सफाई नहीं की गई है। गंदगी से नालियां पटी पड़ी है जिसके कारण भी मच्छर पनप रहे हैं। इसके अलावा कालरी क्षेत्र के कॉलोनी में भी कुछ इसी प्रकार के हाल हैं जहां शाम के बाद घर व बाहर मच्छरों के प्रकोप से रहना दुष्वार हो गया है। नगर के सभी वार्डों में कीटनाशक दवाई पूर्व में डाली जाती थी लेकिन चुनाव होने के बाद से नालियों में कीटनाशक दवाई का छिड़काव ना होने से गर्मी आते ही मच्छर का प्रकोप अधिक देखने को मिलता है। मलेरिया डेंगू जैसे बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। नगर पालिका को चाहिए कि गर्मी ऋतु के आगमन होते ही मच्छर से बचाव के लिए कीटनाशक दवाई का छिड़काव करें जिससे लोगों को मच्छरों के प्रकोप से राहत दी जा सके।



#### कीटनाशक दवाई की मांग

नगर के वार्ड वासियों ने नगर पालिका से मांग की है वार्डों में साफ सफाई कीटनाशक दवाई नालियों में डाली जाए जिससे मलेरिया जैसे गंभीर बीमारी से बचाव हो सके, सुजीत जैन एडवोकेट बबलू राजेश छोटू सफीक, अनिल, अंसू, लक्ष्मण आदि लोगों ने कहा।

#### धुआं करके पा रहे निजात

नगर में मच्छर तो बढने के बाद फागिंग मशीन नहीं चलाई जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ लोग देशी तरीके अपनाकर मच्छरों से पार पाने की जुगत में लगे रहते हैं। जिसमें कोई नारियल के रेशे तो कोई नीम की पत्तियां जलाकर मच्छर भगाने का प्रयास करते हैं। लेकिन जब तक धुआं रहता है तब तक मच्छरों से बचे रहते हैं। उसके बाद स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है।

## शिव मंदिर में महिलाओं ने किया पौधरोपण



**राजनगर।** राजनगर क्षेत्र केअंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत मध्यप्रदेश में साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाने का जो संकल्प लिया गया है। धरती मां को हरा भरा, स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने एवं पर्यावरण का संरक्षण करने हेतु मध्य प्रदेश शासन ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाकर सार्थक पहल की शुरूआत की है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेश भर में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। उसी क्रम मे प्रदेशभर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम चल रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजनगर गेस्ट हाउस के सामने शिव मंदिर में महिलाओं द्वारा फलदार एवं छायादार वृक्ष आम आंवला, अमरूद, शमी, नीम, बरगद के वृक्ष अपने मां के नाम पर रोपण किया गया। कार्यक्रम में सरिता मिश्रा प्रतिमा दुबे, चंद्रकला दुबे, पूजा शर्मा, कविता दुबे, पूनम सिंह, सोनम तिवारी, सुमिता शर्मा उपस्थित रही।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान में जगह-जगह हुआ पौधारोपण

अपर कलेक्टर ने तहसील कार्यालय गुढ़ में किया पौधारोपण

**रीवा ।** पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सभी शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालय परिसरों में वृक्षारोपण किया जा रहा है। सामाजिक संगठन और स्वयंसेवी संस्थाएं भी इस अभियान में भागीदारी निभाकर जगह-जगह पौधे रोपित कर रही हैं। इस क्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने तहसील कार्यालय गुढ़ का निरीक्षण करने के बाद कार्यालय परिसर में पौधे रोपित किए। इस अवसर पर एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी तथा तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा ने भी पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण अभियान के तहत गत दिवस गायत्री शक्तिपीठ रीवा में भी पौधे रोपित किए गए। शक्तिपीठ के आचार्यों तथा स्वयंसेवकों ने औषधीय पौधों का रोपण किया। डॉ रामसुजान सिंह स्मृति समिति की अध्यक्ष डॉ ज्योति सिंह ने सहयोगियों के साथ विश्वविद्यालय स्टेडियम के समीप हमार बिरवा माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित कर 250 फलदार और छायादार पौधे रोपित किए। पेंटियम प्वाइंट कालेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत लगभग सौ पौधे रोपित किए गए। कालेज के अध्यापकगणों तथा विद्यार्थियों ने कालेज परिसर में पौधे रोपित किए। मॉडल साइंस कालेज में भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल संस्थान निराला नगर में छात्र-छात्राओं एवं संस्था के सदस्यों ने पौधे रोपित किए। इसी तरह गुरूकुल विद्यालय रीवा में भी विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण का कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कृषि महाविद्यालय रीवा में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा पौधे रोपित किए गए। एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पूरे उत्साह के साथ जिले भर में पौधे रोपित किए जा रहे हैं।






### बदरा में 3125 आम व 125 लीची के पौधों का हुआ रोपण

## जिले के प्रशासनिक अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि स्थानीयजनों व विद्यार्थियों ने की सहभागिता




**अनूपपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में किए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बदरा में 5 हेक्टेयर क्षेत्र में वृहद पौधरोपण का कार्य जनसहभागिता से सम्पादित किया गया। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती धनमती सिंह, जनपद सदस्य लालबहादुर साहू, श्रीमती चन्द्रवती भारती, श्रीमती दुर्गा पटेल, श्रीमती मालती गुप्ता, सरपंच बदरा शिवभान सिंह, उप सरपंच शकुंतला शुक्ला, हनुमान गर्ग, विनोद तिवारी, बिलाल अहमद, नूर मोहम्मद तन्हा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्रीमती दीपशिखा भगत, जनपद पंचायत अनूपपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऊषा किरण गुप्ता, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक सुभाष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार मिथिला प्रसाद पटेल, सहायक कार्यक्रम अधिकारी रावेन्द्र आर्या, अंकुर सिंह, एसएडीओ सरदार सिंह, उपयंत्री लव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं व सीएम राईज स्कूल के विद्यार्थियों तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों ने पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लिया। जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बदरा के 5 हेक्टेयर भूमि पर छः किस्म के 3125 आम के पौधों का तथा 125 लीची के पौधों का रोपण किया गया। बड़ी संख्या में फलदार पौधों का रोपण पर्यावरण अनुकूलता के लिए मददगार साबित होगा। विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान में समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी जन आन्दोलन का रूप ले चुकी है। उन्होंने पौधरोपण के साथ-साथ उसके संरक्षण तथा अनूपपुर जिले को हरियाली से आच्छादित करने की नागरिकों से अपील की। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पौधरोपण करते हुए कहा कि यह अभियान मानव जीवन को बचाने का अभियान है। यह एक अच्छा कार्य है, इसे निरन्तर आगे बढ़ाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृंगार है, यह हमारे जीवन का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने पौधरोपण कर रहे स्कूली बच्चों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करते हुए उसके संरक्षण पर भी बल दिया।

## जिला योजना समिति के सदस्यों का निर्वाचन 19 जुलाई को एसडीएम अनूपपुर होंगी पीठासीन अधिकारी

**अनूपपुर।** योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्रालय म.प्र. शासन भोपाल के निदेर्शानुसार जिला योजना समिति के सदस्यों का निर्वाचन किया जाना है। इस हेतु ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से 10 तथा नगरीय क्षेत्र के लिए नगरपालिका एवं नगर पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से 1-1 समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला योजना समिति के सदस्यों हेतु निर्वाचन 19 जुलाई को प्रातः 8 बजे से जिला पंचायत सभागार में तथा नगरीय क्षेत्र के लिए जिला योजना समिति के सदस्यों हेतु 19 जुलाई को ही दोपहर 12 बजे से निर्वाचन होगा। कलेक्टर ने निर्वाचन का पीठासीन अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत को नियुक्त किया है। कलेक्टर ने जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु जिला पंचायत, नगरपालिका एवं नगर परिषद के निर्वाचित अध्यक्ष, सदस्यों की प्रमाणित सूची उपलब्ध कराने तथा पहचान पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरपालिका एवं नगर परिषदों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को उक्त दिवस में उपस्थित रहकर निर्वाचित सदस्यों के पहचान की पुष्टि के निर्देश दिए हैं।

## एक बार फिर टॉयलेट साफ करते नजर आए रीवा सांसद

**रीवा।** अपने अजब गजब कारनामों और बेबाक बयानों से हमेशा सुर्खियों में बने रहने वाले रीवा लोकसभा के भाजपा सांसद एक बार सुर्खियो में है। सांसद जनार्दन मिश्रा एक बार फिर से एक गंदे टॉयलेट की सफाई करते नजर आए है जिनका वीडियो सोसल मीडिया में तेजी के साथ वायरल हो रहा है।दरअसल बीजेपी सांसद जनार्दन मिश्रा ने मऊगंज जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र स्थित सीतापुर ग्राम पंचायत के डूंडा गांव का दौरा किया। इसी दौरान उन्हें वहां पर कुछ गंदे टॉयलेट दिखाई दिए, सांसद ने शौचालय में पहले पानी डाला फिर प्लास्टिक का ब्रश उठाया और कुछ ही मिनटों मे टॉयलेट को अपने हाथों से एकदम क्लीन कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिनों मऊगंज जिले के डूंडा गांव में दूषित पानी पीने से 25 लोग बीमार हो गए थे, उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनका उपचार किया गया। घटना के तीन दिन बाद मंगलवार को सांसद जनार्दन मिश्रा ने सीतापुर स्थित डूंडा गांव का दौरा किया। सांसद ने लोगों से मुलाकात की, जो दूषित पानी पीकर बीमार हुए थे। सांसद ने मरीजों के साथ ही ग्रामीणों को भी बीमारी से बचने के कई उपाय बताए। सांसद ग्रामीणों से चर्चा ही कर रहे थे कि उसी दौरान वहां पर आसपास बने कुछ टॉयलेट पर उनकी नजर पड़ी, जो काफी गंदे थे। इसके बाद सांसद ने पानी मंगवाया और टॉयलेट के अंदर जा पहुंचे। उन्होंने प्लास्टिक के ब्रश को उठाया और अपने हाथों से ही गंदे टॉयलेट को साफ कर दिया। देखते ही देखते सांसद जनार्दन मिश्रा ने चंद मिनटों में गंदे टॉयलेट को चकाचक कर दिया।

## खबर संक्षेप

### मृत स्थिति में मिले अज्ञात युवक के शव



**अनूपपुर।** 9 जुलाईकी देर शाम अनूपपुर-जैतहरी मुख्य मार्ग के मध्य स्थित शासकीय तुलसी महाविद्यालय के मुख्य गेट के पास एक अज्ञात युवक का शव नागरिकों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने बरामद किया। अज्ञात युवक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है यह युवक मानसिक रूप से विक्क्षिप्त स्थिति में विगत कुछ दिनों से घूमता, मांगता दिख रहा था पुलिस ने शव की पहचान की प्रत्यासा पर जिला अस्पताल के शव प्रशिक्षण कक्ष के फ्रीजर में सुरक्षित रखाते हुए पहचान किए जाने का प्रयास कर रही है।

### सर्पदंश से बालक की मौत

**अनूपपुर।** मंगलवार एवं बुधवार की मध्य रात्रि अमलाई थाना अंतर्गत बटुरा गांव में परिवार के साथ सो जमीन में सो रहा डेढ़ वर्षीय अबोध बालक नितिन वासुदेव पिता गुरु वासुदेव को अज्ञात जहरीला सर्प ने काट लिया जिसे परिजनों द्वारा देर रात उपचार के लिए जिला अस्पताल अनूपपुर ले जाने पर परीक्षण दौरान शिशु विशेषज्ञ ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित करते हुए घटना की जानकारी जिला अस्पताल पुलिसचौकी को दिए जाने पर पुलिस के द्वारा परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा एवं पी,एम,की कार्यवाही करते हुए बालक के शव के अंतिम संस्कार है परिजनों को सौपा।

### 1.72 लाख खर्च करने के बाद भी पानी को तरस रहे विद्यार्थी व ग्रामीण

**अनूपपुर।** ग्राम तहसील जैतहरी अंतर्गत ग्राम गुंवारी के पूर्व उपसरपंच लेखराम सिंह राठौर ने अनुविभागीय अधिकारी जैतहरी को ग्राम पंचायत अमगवां अंतर्गत अमगंवा गुंवारी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अनूपपुर द्वारा कराये गये निर्माण कार्य की जांच कर गांव के लोगों एवं विद्यालय के बच्चों को पानी उपलब्ध कराने के संबंध मे शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र मे लेख किया गया कि ग्राम अमगवां में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नल-जल योजना में 1.72 लाख खर्च करने के बाद गांव के आधे लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। बहुत घरों के पास पाइप नहीं बिछाया गया है, और गांव में कुछ जगह पाइप को ऊपर ही रख दिया गया है, वही जल जीवन मिशन के तहत विभाग द्वारा अमगंवा और गुंवारी के आगंनबाडी एवं स्कूल में निर्माण कार्य कराया गया है, जिसमें स्कूल के बच्चों व रसोईयों को नल के द्वारा पानी उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन विभाग एवं ठेकेदार द्वारा पुराने बोरबेल हैण्डपंप में मशीन डाल दिया गया है। जिससे अब न हैण्डपंप से पानी मिल रहा है और न ही बोरबेल मशीन से पानी मिल पा रहा है। विद्यालय एवं आंगनबाडियों में बाहर से पानी लाया जाता है, यहां तक कि विधान सभा चुनाव एवं लोक सभा चुनाव में ग्राम पंचायत द्वारा टेंकर से पानी उपलब्ध कराया गया था। इसी तरह नल-जल योजना स्वीकृति के आधार पर विभाग और ठेकेदार द्वारा गांव में नाली खुदवा लिये है और कुछ जगह पाइप भी विछवा दिया गया है, बाकी जगह गड्ढा खुदवाकर लगभग 6 माह से छोड दिया गया है। बरसात आ गया है, पूरा गांव का रास्ता खण्डहर है, गड्ढे में पानी भर रहा है रास्ता चलने लायक नहीं है। स्कूल आंगनबाड़ी में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने जाते है, समय रहते अगर इस पर कार्यवाही नहीं हुआ तो कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। इस संबंध में विभाग के उच्च अधिकारियों को फोन पर बताया गया ।

### एक लाख से ज्यादा पौधों का हुआ रोपण

**अनूपपुर।** जिले में पौधरोपण अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यान विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, वन विभाग, खनिज विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, खाद्य विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, सहकारिता, परिवहन, मत्स्य, श्रम, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला एवं बाल विकास, उच्च शिक्षा, जनजातीय कार्य विभागों द्वारा 4 लाख 66 हजार 275 पौधों के रोपण का लक्ष्य लिया गया है। जिसके तारतम्य में अब तक एक लाख 4 हजार 26 पौधों का रोपण किया जा चुका है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने लक्षित विभागों को 15 जुलाई तक लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पौधरोपण के निर्देश दिए हैं।

---



### मंत्री के निर्देशों को भी हवा में उड़ा रही नगर पालिका कोतमा

# परेशानी का सबब बन रही अध्यक्ष की उदासीनता

## 2021 में स्वीकृत हुआ था कार्य लेकिन आज तक शुरू नही हुआ

शासन द्वारा विकसित भारत योजना के तहत गांव-गांव में विकास कार्य को लेकर सरकार सक्रिय नजर आ रही है। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल नगर पालिका अधिकारियों को हर बैठक में निर्देश दे रहे हैं कि निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाये, लेकिन नगर पालिका के द्वारा पूर्व में स्वीकृत सड़क नाली का कार्य करवाने में रुचि नहीं ले रही है।

**कोतमा।**

वर्तमान में कोतमा नगर पालिका में स्थितियां है कि विशेष लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष निधि से सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, लेकिन जो पूर्व के निर्माण कार्य हैं वह कार्य अभी तक शुरू नहीं करवाया गया। ठीक इसके उलटा नगर पालिका कोतमा में देखने को मिल रहा है जहां 2 साल पहले पूर्व परिषद के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला में सड़क एवं नाली निर्माण का स्वीकृत किया गया था। वर्ष 2021 में नगर पालिका के द्वारा निविदा आमंत्रित करते हुए ठेकेदार को कार्य भी दे दिया गया था, लेकिन आज तक ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया जिसके कारण मोहल्ले के लोग सड़क नाली की समस्या से परेशान है। जिसे लेकर नगर पालिका के द्वारा परिषद में पुराने टेंडर को निरस्त करते हुए नए सिरे से इस्टीमेट बनाकर सड़क निर्माण कार्य कराए जाने की बात कर रही है।

### पूर्व में स्वीकृत हुआ था कार्य

वर्ष 2020-21 में पूर्व परिषद के द्वारा डीपी मिश्रा के घर से दीपचंद सोनी के घर तक सड़क नाली का निर्माण कार्य 4 लाख रूपये की लागत से स्वीकृत किया गया था। जिसका ठेका भी हो गया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। सड़क नाली का निर्माण कराये जाने को लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मोहनी धर्मेंद्र वर्मा, सीएमओ प्रदीप झरिया एवं ठेकेदार के द्वारा निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया गया था और ठेकेदार को जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन आज तक ठेकेदार के द्वारा सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया।

### नपा की उदासीनता पड़ रही भारी

पिछली परिषद के द्वारा 4 लाख की लागत से सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था, लेकिन ठेकेदार के द्वारा आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया जिसके कारण मोहल्ले के लोग परेशान हैं। कई बार वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष को जानकारी भी दे चुके हैं। यहां तक कि वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष स्थल का निरीक्षण भी करने आए थे और मोहल्ले वालों को आश्वासन दिया था कि निर्माण का जल्द शुरू करवा दिया जाएगा। 15 महीने बीतने को है अध्यक्ष की उदासीनता के कारण सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाया गया।

### होती है परेशानी

सड़क एवं नाली निर्माण नहीं होने की वजह से वहां के रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निस्तार का गंदा पानी सड़क पर बहता है। मिट्टी युक्त सड़क में कीचड़ हो जाता है यहां तक की बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। पूर्व के स्वीकृत निर्माण कार्य को लेकर वर्तमान परिषद के द्वारा उदासीनता ही बरती जा रही है।

### वर्षों से कर रहे सड़क की मांग

वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला में निवास करने वाले निवासियों ने बताया कि वर्षों से सड़क एवं नाली की मांग हमारे द्वारा नगर पालिका प्रशासन से की जाती रही है। नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिकारी मौके का निरीक्षण करने भी आए थे, लेकिन आज तक सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य नगर पालिका के द्वारा शुरू नहीं करवाया गया जिसके कारण हम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि हमारे मोहल्ले में सड़क नाली का निर्माण नहीं होने कारण हमारे घरों का निस्तार का पानी सड़क पर बहता है सड़क भी चलने लायक नहीं है इसके निर्माण कार्य को लेकर वर्षों से हम लोग मांग कर रहे हैं। बारिश हो रही है जिसके कारण मिट्टी युक्त सड़क में कीचड़ ही कीचड़ हो गया है पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। नाली का निर्माण नहीं होने के कारण घरों के निस्तार का पानी पास में ही खाली जमीन पर इकट्ठा होता है जिसके कारण गंदगी बनी रहती है मच्छर भी पनप रहे हैं। हम मोहल्ले वालों को मलेरिया डेंगू जैसी घातक बीमारी होने का अंदेशा भी बना रहता है।

### पहले बनाया था लोकसभा चुनाव का बहाना

नाली एवं सड़क निर्माण कार्य को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। लोकसभा चुनाव के पहले नगर पालिका प्रशासन ने परिषद की बैठक में पिछले टेंडर को निरस्त करते हुए नए सिरे से कार्य स्वीकृत कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। उपयंत्री को एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए गए हैं लोकसभा चुनाव के बाद सड़क एवं नाली के निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना बताई गई थी, लेकिन लोकसभा चुनाव भी संपन्न हो गया लेकिन नगर पालिका के द्वारा आज तक नाली एवं सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाया गया जिसके कारण अब मोहल्ले वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर पालिका के द्वारा उच्च निजी भू-स्वामियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष निधि से विशेष कार्य करवाया जा रहा है।

---

# जिले मे 25 दिनों से लगातार ताण्डव, उत्पात मचा रहे हाथी

### पटवारियों द्वारा वास्तविक नुकसानी प्रकरण न बनाये जाने पर रोष

**अनूपपुर।**

छत्तीसगढ़ राज्य से विगत 25 दिन पूर्व आए दो प्रवासी नर हाथी वापस जाने को तैयार नहीं हो रहे हैं जो दिन के समय अनूपपुर एवं जैतहरी वन परिक्षेत्र एवं थाना के ग्रामीण अंचलों से लगे जंगलों में ठहरने/विश्राम करने बाद देर शाम एवं रात होते ही आसपास के गांव में ग्रामीणों के घरों, खेत, बाडी में लगे एवं रखें विभिन्न तरह के अनाज एवं सामग्रियों को अपना आहार बना रहे हैं वही फिर से दिन होते ही दोनों हाथी जंगलों में जाकर विश्राम करने लगते हैं। विगत दो दिनों से यह दोनों नर हाथी अलग-अलग होकर दिन में जंगल में ठहरने बाद रात होते ही आसपास के गांव जिसमें गोबरी, ठेंगरहा, दुधमनिया, केकरपानी, लखनपुर,



खोलईया में विचरण कर रहे हैं। दोनों प्रवासी हाथियों के विचरण पर जिला प्रशासन के साथ वनविभाग के अधिकारी/कर्मचारी निरंतर नजर बनाए हुए हैं। वहीं हाथियों के निरंतर विचरण करने तथा नुकसान करने से ग्रामीण परेशान तथा भयभीत है जो रात होते ही हाथियों के डर से रात्रि जागरण करने को बाध्य है। विगत वर्ष ग्रामीणों के हाथियों द्वारा किए गए नुकसान पर संबंधित पटवारियों द्वारा वास्तविक परीक्षण कर नुकसानी का प्रकरण ना बनाए जाने, ग्रामीणों को राहत राशि नहीं मिल पाने, नुकसान हुए सामग्री के मूल्य से अत्यधिक नुकसान होने पर कम राशि मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश की स्थिति देखी जाती है, जिसका खामियाजा वनविभाग के अधिकारी/कर्मचारी जो पूरे समय हाथियों के निगरानियों के साथ ग्रामीणों को समझाने बुझाने एवं गांव से बाहर जंगल के किनारे या जंगल की परिधि में बसे ग्रामीणों को देर रात होते ही सुरक्षित स्थान पर लाने की कोशिश में लगे रहते हैं जिसमें संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी निरंतर प्रयास कर रहे हैं जिससे वर्तमान समय तक किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं घट पायी है। दोनों हाथी 25वें दिन भी जिले से बाहर जाने को तैयार नहीं दिख रहे हैं जबकि वन विभाग द्वारा कई तरह के उपाय विगत 25 दिनों के मध्य कर चुकी है।

---

# तहसील पुष्पराजगढ़ में भ्रष्टाचार की बयार

## बिना रिश्वत 7 माह से अटका नक्शा तरमीम, यहां चलता बाबूराज

**राजेन्द्रग्राम।**

पुष्पराजगढ़ आदिवासी अंचल में ज्यादातर गरीब तबके के लोग निवास करते है जो 70 किलोमीटर दूर से अपना राजस्व का कार्य कराने राजेन्द्रग्राम मुख्यालय आते है किन्तु वर्षों से अंगद की पांव की तरह जमे मठाधीश बाबुओ को मनमाफिक ऊपरी रकम न मिलने पर भोले भाले गरीबों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगवाया जाता है। बिना रिश्वत दिये गरीब चाहे कुछ भी कर ले, परंतु उसका काम किसी न किसी बहाने अटका ही दिया जाता है वही यदि उन्होने रिश्वखोर बाबुओं को अनर्गल रकम से मुंह बंद कर दिया तो वही सालों से अटकी फाइल चंद दिनों मे ही ठीक हो जाती है।



### पुष्पराजगढ़ तहसील में बाबूराज, वकील भी परेशान

जानकारी के अनुसार यहां के बाबू अपने नही बल्कि साहब के नाम चंदा वसूली करते हैं। उनका सीधा कहना होता है कि साहब बिना पैसे के कोई काम नही करते है ज्यादा नेतागिरी करोगे तो रिजेक्ट कर देंगे कह कर टाल मटोल कर सालो घुमाते रहते है वही ज्यादा बातचीत करने अथवा सीएम हेल्पलाइन मे शिकायत दर्ज करवाने पर जेल भेज देने तक की धमकी देकर गरीबों को शोषण किया जाता है। यहीं के एक वकील ने बताया कि हम लोग भी परेशान हैं, शिकायत की बात करते है तो तहसील कर्मचारियों का कहना है कि ज्यादा नेतागिरी करोगे जेल भेजवा देंगे। ऐसा ही एक मामला आया जिसमे सन्तोषी चंदेल केतकी बाई गोंड़ निवासी करपा 9 माह से नक्शा तरमीम के लिए आवेदन किया गया है किन्तु यहां पदस्थ मठाधीश बाबुओ द्वारा 9 माह से घुमाया जा रहा है। कभी साहब नही बैठते, कभी फाइल नही मिलता तो कभी पैसे का डिमांड करते समय गुजार दिया जाता है जिससे आम जनता परेशान हो चुकी है। तहसील के अंदर भ्रष्टाचार आकंठ तक डूबी हुई है वहीं आम जनता के हित में कोई नेता नजर नही आते सभी जनता का खून पीने को आतुर है।

### इनका कहना है

मैं फाइल दिखवा लेता हूँ।

**गौरी शंकर शर्मा,**
**तहसीलदार पुष्पराजगढ़**

---

### भारत विकास परिषद की स्थापना दिवस पर पीआरटी कालेज कैम्पस मे लगाये 200 पौधे

# पिछले दस वर्षों में लगाए गये सभी पौधे सुरक्षित




**अनूपपुर।**

भारत विकास परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम बर्री स्थित पीआरटी महाविद्यालय के सुरक्षित परिसर में बुधवार 10 जुलाई की सुबह अनूपपुर जिला विधिक सेवा, भारत विकास परिषद, अनूपपुर जिला विकास मंच, पीआरटी महाविद्यालय परिवार, सेवा भारती, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, पत्रकारों, समाजसेवियों और छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रुप से 200 से अधिक पौधे लगाए गये। सभी रोपे गये पौधे सुरक्षित और संरक्षित रहें, इसका विशेष ध्यान रखा गया है। पर्यावरण को संरक्षित रखने और ग्लोबल वार्मिंग के असर को कम करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव न्यायाधीश श्रीमती मोनिका आध्या, भारत विकास परिषद के विंध्य प्रांत के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र तिवारी, जिला संघ चालक राजेन्द्र तिवारी, जिला प्रचारक आर एस एस नितेश, वरिष्ठ समाजसेवी पत्रकार मनोज द्विवेदी, शा. तुलसी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ जेके संत, हरिशंकर वर्मा, वीरेन्द्र सिंह, राजकिशोर तिवारी, विवेक बियाणी, सुदामा राम पाण्डेय, अरविंद पाठक, राकेश गौतम, पुष्पेन्द्र पाण्डेय, रामसुरेश मिश्रा, एडवोकेट साबिर अली, एडवोकेट संतदास नापित, विजय तिवारी, रामकिशोर सिंह के साथ पीआरटी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने परिसर में छायादार पौधे रोपित किए। रोपे गए पौधों को जन-अभियान के रूप अपनाने के लिये लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया। भारत विकास परिषद अनूपपुर के पूर्व अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने इस बताया कि पहली बारिश होने के बाद 10 जुलाई से हम सभी ने सामूहिक रुप से पौधारोपण के पुनीत कार्य का द्वितीय शुभारंभ ग्राम बर्री मे पीआरटी महाविद्यालय के सुरक्षित कैम्पस से किया है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बतलाया कि इससे पहले इसी वर्ष जून में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय और अपने घर के सुरक्षित कैम्पस मे बेल, आंवला, आम, शहतूत, कटहल लगाने के बाद आज पीआरटी कालेज, बर्री में अनूपपुर जिला विकास मंच, भारत विकास परिषद, पीआरटी कालेज समूह, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, पत्रकार बंधुओं तथा छात्र- छात्राओं द्वारा शीशम के 20, आंवला के 25, आम के 20, जामुन के 5, नीम के 5, पीपल के 5, सागौन के 30, बेल के 5, काजू के 5, अर्जुन के 50, अमरूद के 5, अशोक के 15 अन्य 20 कुल लगभग दो सौ पौधे लगाए गये हैं। परिषद द्वारा किये गये सामूहिक पौधारोपण की विशेषता यह है कि पिछले दस वर्ष में अलग-अलग स्थानों पर किये गये पौधारोपण के अधिकांश पौधे आज भी सुरक्षित हैं और बड़े हो गये हैं। परिषद के सदस्यों द्वारा विगत कुछ वर्षों में पीआरटी कालेज के अतिरिक्त संघ कार्यालय, सामतपुर छात्रावास, तालाब, आरटीओ कार्यालय परिसर, तुलसी महाविद्यालय परिसर सहित अन्य स्थानों पर जो पौधे रोपे गये थे, उनमें से लगभग सभी सुरक्षित हैं और छायादार हो गये हैं।

---

# शासकीय योजनाओं एवं अभियानों का बेहतर क्रियान्वयन करें सुनिश्चित

### सामान्य सभा की आयोजित हुई बैठक

**अनूपपुर।** जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में सदस्यों को अवगत कराया। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं शासकीय अभियानों का बेहतर क्रियान्वयन के साथ ही नागरिकों की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के लिए कहा गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा कि जिला पंचायत की अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर दिए गए सुझावों एवं क्षेत्रीय समस्याओं का निराकरण तत्परता से किया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला पंचायत के सदस्य भूपेन्द्र सिंह, नर्मदा सिंह, रामजी रिंकू मिश्रा, सुश्री भारती केवट, श्रीमती



यशोदा सिंह, श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, श्रीमती किरण देवी चर्मकार, दरोगा सिंह, रंजीत सरार्टी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंचायत कार्यालय में संचालित योजनाओं की जानकारी को लेकर चर्चा की गई। जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा निर्माण कार्यों में भुगतान राशि की जानकारी ली। सामान्य सभा की बैठक में स्वच्छ भारत कार्यक्रम, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन-मन योजना सहित अन्य विभिन्न निर्माण कार्य आदि के संबंध में भी चर्चा की गई। इस दौरान आरजीएसएम, एनआरजीए, आईडब्ल्यूएमपी, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, मत्स्य, उद्यान, कृषि, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सिंचाई आदि विभागों के कार्य एवं योजना की जानकारी ली गई। बैठक में जिला पंचायत कार्यालय में मूल कर्मचारियों के वेतन भत्तों एवं प्रशासनिक व्यय के अनुमोदन का प्रस्ताव, मनरेगा अंतर्गत लेबर बजट के संबंध में चर्चा एवं प्रस्ताव, जिला पंचायत की वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं पूर्व वर्षों की आय बजट अनुमोदन पर चर्चा एवं प्रस्ताव तथा जिला पंचायत में कार्यरत कुशल श्रमिकों को पारिश्रमिक भुगतान के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव रखा गया, जिस पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में पंचायत दर्पण पोर्टल के संबंध में जिला पंचायत के सदस्यों को जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से जिला पंचायत द्वारा की जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

---

## शहरी पेयजल योजना के कार्यो का कलेक्टर ने लिया जायजा

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने नगरपालिका पसान के मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के तहत केवई नदी पर बन रहे एनीकट डेम निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना नगरीय क्षेत्र के निवासियों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यों में लापरवाही और शिथिलता बर्दाश्त नही होगी। निरीक्षण के दौरान नगरीय



प्रशासन विभाग के संभागीय कार्यपालन यंत्री, नगरपालिका पसान के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा संविदाकार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने डब्ल्यूटीपी, इनटेक वेल, फिल्टर हाऊस तथा पानी की टंकी 100, 200, 300 किलो लीटर के कार्य के संबंध में जानकारी ली। जिस पर अवगत कराया गया कि इन सभी का कार्य प्रारंभ है, जिस पर कलेक्टर ने अगले तीन माह में इन कार्यों के पूर्णता के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेकेदार कार्यों को गतिपूर्वक करने के लिए मानव संसाधन बढ़ाकर कार्य करें। निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता व सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए।